


जहरीला गणेशोत्सव समिति बेलखाड़ू पड़ाव



मां मन्नत देवी गणेशोत्सव समिति निरंदपुर



श्री बाल गणेश उत्सव समिति रामबाग बेलखाड़ू



बम भोले गणेश उत्सव समिति बिलखरवा



गणेशोत्सव समिति बघोंडा

# कटंगी में 'छात्रों की गूंज' का देखा सीधा प्रसारण

## बेलखाड़ू, कटंगी, पनागर सहित आसपास के क्षेत्रों में एलईडी लगाकर हुआ प्रसारण





**कटंगी नवभारत19 सितंबर।** शिक्षा, रोजगार और युवाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर कटंगी में भी तैयारियां की गई। कार्यक्रम 19 सितंबर को शाम 6:30 बजे से सामुदायिक भवन, कटंगी में इसका लाइव प्रसारण किया गया।

इस कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से संवाद किया ।राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शिक्षा व्यवस्था, रोजगार, भर्ती परीक्षाओं, पेपर लीक तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े विषयों पर छात्रों की बात सुने जाने की जानकारी सामने आई है।

### छात्रों को अपनी बात रखने का अवसर

कार्यक्रम में 'शिक्षा, रोजगार और अधिकार की बुलंद आवाज' तथा 'छात्रों की गूंज' जैसे संदेश दिए गए। इसका उद्देश्य छात्रों और युवाओं को अपने भविष्य से जुड़े मुद्दों, समस्याओं और सुझावों को सामने रखने के लिए मंच उपलब्ध कराना बताया गया है। कार्यक्रम के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से भी छात्रों से जुड़ने और उनकी बात सामने रखने की व्यवस्था की गई थी।

राहुल गांधी का 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित कार्यक्रम 'छात्रों की गूंज' श्रृंखला का पांचवां आयोजन बताया गया है। इससे पहले यह कार्यक्रम कोटा, देहरादून, प्रयागराज और पुणे में आयोजित हो चुका है।

### कटंगी में सामुदायिक भवन में मची भीड़

कटंगी के सामुदायिक भवन में शाम 6:30 बजे से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा युवाओं और छात्रों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को देखा और शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े विषयों पर होने वाले संवाद को सुनने का मौक़ा मिला। कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े कांग्रेसजनों ने बताया कि युवाओं के सामने शिक्षा और रोजगार महत्वपूर्ण विषय हैं। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों की समस्याओं और उनके विचारों को व्यापक स्तर पर सामने रखने का अवसर मिलता है। राष्ट्रीय स्तर पर इंदौर में होने वाले कार्यक्रम में राहुल गांधी ने छात्रों से शिक्षा व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं, पेपर लीक और रोजगार जैसे विषयों पर संवाद किया।

## बेलखाड़ू में स्क्रीन लगाकर दिखाया लाइव प्रसारण

**बेलखाड़ू नवभारत 19 सितंबर ।** जिला जबलपुर कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संजय यादव के निर्देश पर ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी बेलखाड़ू के करमेता मंडलम में लाइव प्रसारण स्क्रीन लगाकर इंदौर के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कार्यक्रम छात्रों की गूंज का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम दौरान जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव , वरिष्ठ नेता वीरेंद्र चौबे , रूपेन्द्र पटेल , सतेन्द्र चौबे पार्षद, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, संगठन मंत्री राजेश पटेल, विवेक यादव, अमन गोस्वामी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत परिहार,मंडलम अध्यक्ष पवन सोनी,दिनेश पटेल,दिलीप पटेल, भगत पटेल, गोपाल पटेल, संतोष पटेल, संगीता चड़ार, हर्षित यादव, अमन महेरे, आशीष ताम्रकार, ताहिर कोखर, अभिषेक साहू, एवं समस्त कॉंग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## पनागर में भी एक साथ देखा गया प्रसारण



**पनागर।** पनागर में भी गूंज कार्यक्रम में लोगों का उत्साह दिखा इसके साथ ही कांग्रेसियों ने भी पहुंचकर कार्यक्रम को देखा और राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश पटेल विमल जैन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि महेंद्र पटेल प्रतिनिधि विजय यादव, संजय श्रीवास्तव, आकाश और रोहित प्रजापति नगर पालिका उपाध्यक्ष महेंद्र चक्रवर्ती, पार्षद तुलसीराम कुशवाहा, मुकेश गोटिया, बाबू खान, प्रमोद पटेल, बेदी लाल कुशवाहा, विजय राय, राजा पटेल, शुभम कुशवाहा, नीरज पटेल, विष्णु पटेल, संतोष कुशवाहा दुलीचंद प्रजापति, गोलू प्रजापति, सीताराम कुशवाहा रामदास पटेल, मीहीं लाल राय के साथ नगर और ग्रामीण से सैकड़ो कार्यकर्ता पहुंचे उन्होंने राहुल गांधी के कार्यक्रम को पूरा देखा। इस अवसर पर क्षेत्रीय छात्र में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया।





# मोगली उत्सव स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

**जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय सेवा संकल्प अभियान के तहत विविध आयोजन**

**बेलखाड़ू नवभारत 19 सितंबर।** जनशिक्षा केन्द्र बेलखाड़ू के अंतर्गत आज संकुल केन्द्र स्तर पर मोगली उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संकुल बेलखाड़ू के अंतर्गत आने वाली विभिन्न शालाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर की दो छात्राओं ने भी मोगली उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### झाड़ू लगाकर लिया सेवा का संकल्प

इस अवसर पर संकुल बेलखाड़ू के अंतर्गत सभी शालाओं में सेवा संकल्प अभियान भी संचालित किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला शंकर नगर में शाला प्रभारी संजय चौबे द्वारा स्वयं शाला परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता एवं सेवा का संदेश दिया गया।


### विद्यार्थियों ने लगाए पौधे

विद्यालय के ईको क्लब के गठन एवं विद्यार्थियों की सहभागिता के माध्यम से शाला परिसर में पौधारोपण किया गया। विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस प्रकार स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सेवा भावना एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से सेवा संकल्प अभियान को सार्थक रूप दिया गया।

कार्यक्रम में संकुल केन्द्र प्रभारी बृज राज परस्ते , मनोज शुक्ला खिरिया खुद, श्री छिपीये ,डी.के. अवस्थी , कमलेश श्रीवास्तव , दीपक साहू , श्रीमती रीता अहिरवार , श्रीमति नीलम झारिया सहित संकुल बेलखाड़ू के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डिजिटल फ्रॉड से बचने के बताए गए तरीके

## ई-दक्ष केंद्र में साइबर विवाद समाधान एवं आईटी संसाधनों की सुरक्षा पर प्रशिक्षण



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा कलेक्टर जबलपुर के निर्देशन में ई-दक्ष केंद्र जबलपुर में साइबर डिस्प्यूट रेजोल्यूशन फ्रेमवर्क अंडर द इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट, 2000 विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

मास्टर ट्रेनर एवं अध्यक्ष तन्वी सोशल सर्विसेज समिति, यशदीप चतुर्वेदी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में न्यायपालिका, जिला अभियोजन, राज्य साइबर पुलिस, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के विधि विभाग तथा शासकीय बैंकों के कुल 32 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को साइबर अपराधों की रोकथाम, डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण, साइबर विवादों के त्वरित समाधान तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार के डिजिटल फ्रॉड जैसे इन्वेस्टमेंट स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, यूपीआई एवं इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में 3 दिनों के भीतर हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराना तथा डिजिटल साक्ष्यों जैसे यूटीआर नंबर, स्क्रीनशॉट और बैंक विवरण को सुरक्षित रखना अनिवार्य है। सत्र में आईटी एक्ट की धारा 46 के तहत गठित अर्ध- न्यायिक मैकेनिज्म की कार्यप्रणाली को रेखांकित किया गया।

विशेष सत्र में आईटी एक्ट की धारा 70 के तहत शासकीय ईमेल, डिजिटल सिग्नेचर और कंप्यूटर नेटवर्क को वर्ष 2012 की राज्य शासन की अधिसूचना अनुसार संरक्षित तंत्र घोषित किए जाने के प्रावधानों को स्पष्ट किया गया। वहीं धारा 72 के अंतर्गत डिजिटल डेटा की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य बताया गया, जिसका उल्लंघन करने पर संस्थाओं के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। अंतिम सत्र में जांच एजेंसियों की भूमिका, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की धारा 63(4) के तहत डिजिटल प्रमाण पत्र की अनिवार्यता तथा सेवा प्रदाताओं द्वारा समय-सीमा में जानकारी न देने पर आईटी अधिनियम की धारा 67सी के तहत कानूनी कार्रवाई और जुर्माने के प्रावधानों की जानकारी दी गई।



# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण को लेकर बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने विभागवार लंबित शिकायतों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का नियमानुसार और संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निराकरण विभागीय स्तर पर संभव नहीं है या जिनमें किसी अन्य स्तर से कार्रवाई आवश्यक है, उनके संबंध में समय रहते संबंधित स्तर पर पत्राचार किया जाए। कलेक्टर सिंह ने शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखें बल्कि उचित समाधान करें। उन्होंने कहा कि भोपाल स्तर तथा अन्य विभागीय प्रक्रियाओं से जुड़ी शिकायतों में संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर शिकायतों का निराकरण करें। कलेक्टर सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हुए उनका समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह तथा सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## श्रीमति बेबी पाठक का निधन

**बेलखाड़ू19 सितंबर।** पुलिस चौकी बेलखाड़ू के सामने निवासरत कमलेश पाठक की पत्नी श्रीमती बेबी पाठक 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया।



## कई वार्डों की स्ट्रीट लाइट बंद

**सिहोरा।** बारिश के मौसम में जहां जीव जंतुओं का खतरा अधिक रहता है वहीं सिहोरा के कई वार्डों में स्ट्रीट लाइट बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञातव्य हो कि गणेशा उत्सव पर जहां चहूं ओर भक्त प्रतिमा को देखने निकलते हैं वहीं अंधेरा होने के कारण परेशानी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही

**अभियान** | सेवा संकल्प अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता के छात्रों को मिले प्रमाण पत्र

**नवभारत, कुंडम।** कुंडेश्वर धाम कुंडम में उत्कृष्ट विद्यालय सभा कक्ष में शासन के निर्देशन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक संतोष बढ़कड़े, पूर्व विधायक नंदनी मरावी रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विकसित भारत को लेकर एआई से संबंधित जानकारी एवं कई प्रकार के भाषण दिए और अनेक प्रकार की चित्रकला का प्रदर्शन किया गया।

विधायक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं की चित्रकला का अवलोकन भी किया और प्रमाण





पत्र बांटे साथ ही मेधावी छात्रों को स्कूटी बांटी गई।

**विद्यालय में लैब नहीं होने की दी जानकारी-** विधायक ने कहा अभी सात स्कूटी कुंडम में बांटी गई है, उन्होंने कहा कि अगली बार और ज्यादा बांटी जाएगी सभी छात्र-छात्राएं अच्छी पढ़ाई करें। इस बीच उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य डी एस उरैती द्वारा विद्यालय में लैब ना होने की बात विधायक के सामने रखी। जिसमें विधायक ने तुरंत ही लैब के लिए जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, राधेश्याम साहू, कमलेश साहू, झुन्नीलाल दादा, शिवांशु जायसवाल, गुड्डू पटवा, बीईओ, बीआरसी, नेतराम झरिया सहित शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।